N 868

Seat No. | | | | | | | |

2025 III 15 1100 -N 868- SOCIAL SCIENCES (73) HISTORY & POLITICAL SCIENCE—PAPER I (H)

(REVISED COURSE)

Time : 2 Hours **(Pages 11)** **Max. Marks : 40**

सूचना :— (1) *सभी* प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) दाहिनी ओर दिये अंक प्रश्न के पूर्ण अंक दर्शाते हैं।

(3) प्रश्न क्र. 1 से 5 इतिहास एवं प्रश्न क्र. 6 से 9 राज्यशास्त्र पर आधारित हैं।

(4) प्रश्न क्र. 1(अ) एवं प्रश्न क्र. 6 के कथन पूर्ण करना अनिवार्य है।

(5) प्रश्न क्र. 2(अ) और प्रश्न क्र. 8(ब) में संकल्पना-चित्र पेन से बनाना अनिवार्य है।

(6) प्रश्न क्र. 1 का (अ), (ब) और प्रश्न क्र. 6 के उत्तर उत्तरपत्रिका में एक से ज्यादा बार लिखे गए तो पहली बार लिखे गए उत्तर को ही अंक प्राप्त होंगे।

P.T.O.

2/N 868

1. (अ) दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर कथन पूर्ण कीजिए : 3

(1) संसार का सबसे प्राचीन संग्रहालय ..... नगर का उत्खनन करते समय पाया गया।

(अ) दिल्ली

(ब) हड़प्पा

(क) उर

(ड) कोलकाता

(2) महाराष्ट्र राज्य के प्रथम मुख्य मंत्री ..... थे।

(अ) वसंतराव नाईक

(ब) यशवंतराव चव्हाण

(क) शंकरराव चव्हाण

(ड) वसंतदादा पाटिल

(3) संस्कृत ग्रंथ 'हितोपदेश' का जर्मन भाषा में ..... ने अनुवाद किया।

(अ) जेम्स मिल

(ब) फ्रेडरिक मैक्समूलर

(क) माउंटस्टुअर्ट एलफिन्स्टन

(ड) जॉन मार्शल

(ब) निम्न में से असत्य जोड़ी पहचानिये और लिखिए : **3**

(1) (*i*) रायगडाला जेव्हा जाग येते — वसंत कानेटकर

(*ii*) टिळक आणि आगरकर — विश्राम बेडेकर

(*iii*) साष्टांग नमस्कार — आचार्य अत्रे

(*iv*) एकच प्याला — अण्णासाहेब किर्लोस्कर

4/N 868

(2) (*i*) लिओपॉल्ड वॉन रांके — द सीक्रेट ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री

(*ii*) मायकेल फूको — आर्किओलॉजी ऑफ नॉलेज

(*iii*) कार्ल मार्क्स — दास कैपिटल

(*iv*) रेने देकार्त — रीजन इन हिस्ट्री

(3) (*i*) प्रभाकर — आचार्य प्र. के. अत्रे

(*ii*) दर्पण — बालशास्त्री जांभेकर

(*iii*) दीनबंधु — कृष्णराव भालेकर

(*iv*) केसरी — बाल गंगाधर तिलक

5/N 868

2. (अ) दी गई सूचनानुसार कृति कीजिए (कोई दो) : **4**

(1) निम्न संकल्पना चित्र को पूर्ण कीजिए :



कोलकाता → .....

दिल्ली → .....

हैदराबाद → .....

मुंबई → .....

6/N 868

(2) निम्न संकल्पना चित्र को पूर्ण कीजिए :



(3) निम्न संकल्पना चित्र को पूर्ण कीजिए :



(ब) **संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई दो) :** 4

(1) उपयोजित इतिहास

(2) मराठा चित्रशैली

(3) स्थल कोश।

3. निम्न कथनों को कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : 4

(1) फूको की लेखन पद्धति को 'ज्ञान का पुरातत्व' कहा है।

(2) ऐतिहासिक साहित्य में बखर महत्वपूर्ण प्रकार है।

(3) फिल्म माध्यम में इतिहास विषय महत्वपूर्ण है।

(4) तकनीकी विज्ञान के इतिहास का अध्ययन करना आवश्यक है।

4. निम्न परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

मेजर ध्यानचंद भारतीय हॉकी के खिलाड़ी और टीम के कप्तान थे। उनके नेतृत्व में 1936 ई. में भारतीय हॉकी टीम ने बर्लिन ऑलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता। इसके पहले भारतीय हॉकी टीम ने 1928 ई. और 1932 ई. में भी स्वर्ण पदक जीते थे। इन मैचों में ध्यानचंद

भारतीय टीम में खिलाड़ी के रूप में खेले थे। 29 अगस्त इनका जन्मदिन है तथा इस दिन को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। इन्होंने हॉकी में जिस बढ़िया खेल का प्रदर्शन किया, उस कारण उन्हें 1956 ई. में 'पद्मभूषण' सम्मान से विभूषित किया गया।

प्रश्न :

(1) 1936 में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान कौन थे ? 1

(2) भारत में कौनसा दिवस राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस के रूप में मनाया जाता है ? 1

(3) 'हॉकी' खेल पर अपने विचार लिखिए। 2

5. निम्न प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए (कोई दो) : 6

(1) स्त्रीवादी इतिहास लेखन किसे कहते हैं ?

(2) कला क्षेत्र में व्यवसाय के कौन-कौनसे अवसर उपलब्ध हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(3) पोवाड़ा किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(4) पर्यटन के कोई **तीन** प्रकार स्पष्ट कीजिए।

6. निम्न विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर कथन पूर्ण कीजिए : **2**

(1) महाराष्ट्र में स्थानीय शासन संस्थाओं में महिलाओं के लिए ..... स्थान आरक्षित है।

(अ) 25%

(ब) 30%

(क) 40%

(ड) 50%

(2) खेती का उत्पादन बढ़ाने और खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर होने के लिए ..... की गई।

(अ) जल क्रांति

(ब) हरित क्रांति

(क) औद्योगिक क्रांति

(ड) धवल क्रांति

10/N 868

7. निम्न कथन सत्य हैं या असत्य, सकारण स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **4**

(1) विशेष परिस्थिति में निर्वाचन आयोग किसी निर्वाचन क्षेत्र में दोबारा चुनाव करवा सकता है।

(2) सूचना के अधिकार के कारण शासन व्यवस्था में गोपनीयता बढ़ गई है।

(3) गठबंधन सरकार के कारण अस्थिरता उत्पन्न होती है।

8. (अ) निम्न संकल्पना स्पष्ट कीजिए (कोई एक) : **2**

(1) अल्पसंख्यक संबंधी प्रावधान

(2) श्रमिक आंदोलन।

(ब) दी गयी सूचनानुसार कृती कीजिए (कोई एक) : **2**

(1) संकल्पना चित्र पूर्ण कीजिए :



(1) ..... (1) .....

(2) ..... (2) .....

(2) निम्न संकल्पना चित्र पूर्ण कीजिए :



9. संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई एक) : **2**

(1) राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित निकष स्पष्ट कीजिए।

(2) भारत में लोकतंत्र की सफलता के लिए किन बातों की आवश्यकता है ?